राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

मकर संक्रान्ति पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 13 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मकर संक्रान्ति (14 जनवरी) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने संदेश में कहा है कि मकर संक्रांति जीवन के उजास का प्रतीक पर्व है। सूर्य की आराधना का यह पर्व हमें जीवन में सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करता है। श्री मिश्र ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि संक्रांति पर पतंग उड़ाते समय चाइनीज मांझे का प्रयोग नहीं करें। उन्होंने इस पर्व पर सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य, सौभाग्य और समृद्धि की कामना की है।